आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पेज 14 **राजस्थान** मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 7, अंक 344, महानगर

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-7, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सुविचार
बेहतरीन दिनों के लिए बुरे वक्त से लड़ना पड़ता है।

सेंसेक्स	81,559.54	+375.61
डॉलर	83.95	0.00

देश में मानसून औसत बारिश 818.0 मिमी

	अब तक	कम/ज्यादा
जयपुर	1012.33 मिमी	+485.59 मिमी

▪ पिछले साल अब तक 383.67 मिमी बारिश हुई थी।

बीसलपुर बांध

फुल टैंक लेवल	आज तक
315.50 आरएल मी.	315.50 आरएल मी.

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com

सीरी पिलानी में हिंदी सप्ताह शुरू हुआ

पिलानी | सीएसआईआर सीरी पिलानी में सोमवार से हिंदी सप्ताह शुरू हुआ। मुख्य अतिथि पिलानी के डॉ. नितेंद्र पाठक ने भारत एवं वैश्विक परिदृश्य में हिंदी व हमारा दायित्व विषय पर व्याख्यान दिया। हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है अपितु विश्व में भारत और भारतीयता की पहचान भी है। देश ही नहीं विश्व में भी हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने प्रतिवर्ष हिंदी दिवस, सप्ताह, पखवाड़ा आदि मनाए जाने का औचित्य समझाया। उन्होंने कहा कि संभवत: यह विश्व का सबसे बड़ा आयोजन होगा क्योंकि इस अवधि में देश के सभी केंद्रीय कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सचंदन पाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सभी सहकर्मियों से अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में शामिल होने का आग्रह किया। प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हिंदी सप्ताह आयोजन के संयोजक एवं सीरी में वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि हिंदी सप्ताह के समापन समारोह में सप्ताह के दौरान आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं व प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।